मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-356
05/08/2025

# बिहार के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 05 अगस्त 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक–संदेश में कहा कि सत्यपाल मलिक 4 अक्टूबर 2017 से 22 अगस्त 2018 तक बिहार के राज्यपाल रहे थे। बिहार के अतिरिक्त वे जम्मू–कश्मीर, गोवा एवं मेघालय के भी राज्यपाल रहे थे। सत्यपाल मलिक के रूप में देश ने एक बड़े व्यक्तित्व को खो दिया है। सत्यपाल मलिक ने राज्यपाल के रूप में अपनी जिम्मेवारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******